एसजेवीएन SJVN	**एसजेवीएन लिमिटेड** **(भारत सरकार एवं हि.प्र.सरकार का संयुक्त उपक्रम)** **आईएसओ 9001:2015 कंपनी** **मिनी रत्नी एवं शेड्यूल 'ए' पीएसयू**

विज्ञापन संख्या 95/2021 **अंतिम तिथि: 24/08/2021**

भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन भारत सरकार एवं हिमाचल प्रदेश सरकार के एक संयुक्त उपक्रम के रूप में एक मिनी रत्नःश्रेणी-। एवं शेड्यूल-"ए" सीपीएसई के तौर पर एसजेवीएन लिमिटेड की स्थापना 24 मई,1988 को हुई थी । एकल परियोजना तथा एकल राज्य परिचालन के साथ आरंभ करते हुए कंपनी ने लगभग 9000 मेगावाट का पोर्टफोलियो और 2016.51 मेगावाट की कुल स्थापित क्षमता की पांच परियोजनाओं को कमीशन किया है जिसमें कंपनी का सबसे बड़ा 1500 मेगावाट नाथपा झाकड़ी जलविद्युत स्टेशन (एनजेएचपीएस) शामिल है।

एसजेवीएन ने ऊर्जा के सभी प्रकार के पारंपरिक तथा गैर-पारंपरिक रूपों में एवं पावर ट्रांसमिशन में चहुमुंखी विकास और विविधीकरण योजनाएं तथा स्वयं को पूर्ण रूप से विविध अंतरराष्ट्रीय विद्युत कंपनी के रूप में विकसित किया है। एसजेवीएन का 2023 तक 5000 मेगावाट क्षमता, 2030 तक 12000 मेगावाट और 2040 तक 25000 मेगावाट क्षमता हासिल करने का साझा विजन है।

अपनी महत्वाकांक्षी विकास योजनाओं एवं तीव्र विकास ट्रेजेक्टरी के अनुरूप, एसजेवीएन निम्न विधाओं में निर्धारित कार्यकाल के आधार पर जनशक्ति को शामिल करना चाहता है एवं भरोसेमंद तथा प्रतिबद्ध व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित करता है। नियुक्ति पूरी तरह से अस्थायी तथा अनुबंध के आधार पर 3 साल की प्रारंभिक अवधि के लिए होगी। कार्य की आवश्यकता तथा व्यक्ति के निष्पादन के आधार पर अनुबंध की अवधि को वार्षिक आधार पर आगामी 2 वर्षों तक बढ़ाया जा सकता है। यह नियुक्ति एसजेवीएन में किसी प्रकार के स्थायी रोजगार या स्थायी रोजगार के लिए किसी प्रकार की छूट का दावा करने का अधिकार नहीं देगी।

संभावित रिक्तियां एवं आवश्यक शैक्षणिक अर्हता

डिसिप्लिन	**पदनाम**	**पदों की संभावित संख्या**	**शैक्षणिक अर्हता**	**अंकों की प्रतिशतता**
मानव संसाधन	फील्ड अधिकारी	10	कार्मिक/मानव संसाधन में विशेषज्ञता के साथ दो वर्षीय पूर्णकालिक एमबीए/स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ स्नातक	सीए/आईसीडब्ल्यूए-सीएमए/इंटर-सीए/इंटर-सीएमए के लिए साधारण उत्तीर्ण तथा अन्य निर्धारित योग्यता हेतु अनु.जा./अनु.ज.जा./पीडब्ल्यूडी के लिए कुल 50% अंक तथा अन्य के लिए 55% अंक।
वित्त एवं लेखा	फील्ड अधिकारी	10	सीए/आईसीडब्ल्यूए-सीएमए/ वित्त में विशेषज्ञता के साथ दो वर्षीय पूर्णकालिक एमबीए	
सिविल	कनि.फील्ड अभियंता	30	सिविल इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक डिप्लोमा	
इलेक्ट्रिकल	कनि.फील्ड अभियंता	25	इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक डिप्लोमा	
मैकेनिकल	कनि.फील्ड अभियंता	20	मैकेनिकल इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक डिप्लोमा	
मानव संसाधन	कनि.फील्ड अधिकारी	15	कार्मिक प्रबंधन/सामाजिक कार्य/श्रम कल्याण/व्यवसाय प्रबंधन/कार्यालय प्रबंधन/लोक प्रशासन में एक/दो वर्षीय पूर्णकालिक स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा के साथ स्नातक	
वित्त एवं लेखा	कनि.फील्ड अधिकारी	15	इंटर-सीए या इंटर-सीएमए (सिंपल पास) अथवा पूर्णकालिक एम.कॉम	
राजभाषा	कनि.फील्ड अधिकारी	04	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक स्तर पर मुख्य विषय के रूप में अंग्रेजी के साथ हिंदी में पूर्णकालिक स्नातकोत्तर डिग्री। **वांछनीय योग्यता** - हिंदी अनुवाद में डिप्लोमा।	

आयु सीमा

विज्ञापन की अंतिम तिथि को अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष।

प्रतिपूर्ति पैकेज:

पदनाम	**निर्धारित पारिश्रमिक (रुपए में)**
फील्ड अधिकारी	60000/-
कनि.फील्ड इंजीनियर/अधिकारी	45000/-
पारिश्रमिक में संविधि के अंतर्गत लागू ईपीएफ सम्मिलित है	

निर्धारित पारिश्रमिक के अलावा, अतिरिक्त पारिश्रमिक निम्नानुसार देय होगा:

परियोजना का नाम	**अतिरिक्त पारिश्रमिक**
ईटानगर तथा ईटानगर के 50 कि.मी. तक के क्षेत्र के अलावा अरुणाचल प्रदेश में तैनात अभ्यर्थी	निर्धारित पारिश्रमिक का 100%
ईटानगर तथा ईटानगर का 50 कि.मी. क्षेत्र तथा चिनाब बेसिन परियोजनाएं	निर्धारित पारिश्रमिक का 50%
जंगी थोपान-पोवारी एचईपी तथा देवसारी एचईपी	निर्धारित पारिश्रमिक का 25%
*** जंगी-थोपन-पोवारी एचईपी के लिए अतिरिक्त पारिश्रमिक केवल परियोजना स्थलों पर तैनाती के लिए देय होगा न कि जिला मुख्यालय पर।**	

- अन्य लाभों में प्रत्येक वर्ष के पूरा होने पर वर्ष के लिए उत्कृष्ट/बहुत अच्छा/अच्छा की पीएआर रेटिंग के आधार पर 5%/4%/3% की दर से वेतनवृद्धि शामिल है।
- नियुक्त पदधारी एक वर्ष में 12 दिन के आकस्मिक अवकाश, 20 दिन के बीमारी अवकाश के हकदार होंगे। अभ्यर्थी, फील्ड अधिकारी के पद के लिए कार्यपालक श्रेणी में निम्नतम स्तर के लिए तथा कनिष्ठ फील्ड इंजीनियर/अधिकारी के पद के लिए पर्यवेक्षक श्रेणी में निम्नतम स्तर हेतु लागू दरों पर आधिकारिक ड्यूटी के संबंध में आवश्यक यात्रा पर जाने के लिए टीए/डीए के हकदार होंगे।
- इसके अलावा, प्रथम वर्ष के लिए स्वयं को तथा दूसरे वर्ष और उसके बाद के वर्षों के दौरान स्वयं और परिवार अर्थात पति या पत्नी और दो आश्रित बच्चों को प्रत्येक वर्ष के लिए ओपीडी मामले के लिए अधिकतम एक महीने के पारिश्रमिक के अधीन चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाएगी। नियुक्त पदाधिकारियों को निर्धारित अवधि के दौरान आईपीडी उपचार के मामले में फील्ड अधिकारी को 10 लाख रुपए तक तथा कनिष्ठ फील्ड इंजीनियर/अधिकारी के मामले में 8 लाख रुपए तक चिकित्सा बीमा सुविधा भी प्रदान की जाएगी।
- नियुक्त पदधारियों को एसजेवीएन की कर्मचारी संचयी लिंक्ड बीमा योजना के अंतर्गत कवर किया जाएगा तथा समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना के तहत बीमांकित किया जाएगा।

संभावित आरक्षण

मानव संसाधन तथा वित्त एवं लेखा विधाओं में फील्ड अधिकारी के पदों के लिए संभावित आरक्षण

डिसिप्लिन	**पदनाम**	**पदों की संभावित संख्या**	**आरक्षण (बैकलॉक सहित)**					
			अनु.जा.	**अनु.ज.जा.**	**अ.पि.वर्ग(एनसीएल)**	**ईडब्ल्यूएस**	**अनारक्षित**	**पीडब्ल्यूडी**
मानव संसाधन	फील्ड अधिकारी	10	1	-	2	1	6	
वित्त एवं लेखा	फील्ड अधिकारी	10	1	-	2	1	6	01 वीएच
योग		**20**	**2**	**-**	**4**	**2**	**12**	

पहचान की गई अक्षमताएं

<table>
<tr><th>डिसिप्लिन</th><th>पदनाम</th><th>पहचान की गई अक्षमताएं</th><th>लेजन्ड</th></tr>
<tr><td>मानव संसाधन</td><td>फील्ड अधिकारी</td><td>ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, बी, एलवी, एचएच</td><td rowspan="2">ओए-एक बांह (वन आर्म)
ओएल-एक पैर(वन लेग)
बीएल-दोनों पैर
ओएएल -एक हाथ और पैर
बी-नेत्रहीन(ब्लाइंड)
एचएच- श्रवण बाधित
एल.वी.-कम दृष्टि</td></tr>
<tr><td>वित्त एवं लेखा</td><td>फील्ड अधिकारी</td><td>बीएल, ओए, ओएल, ओएएल, बीएलओए, एचएच</td></tr>
</table>

कनि. फील्ड इंजीनियर/अधिकारी के पदों के लिए

<table>
<tr><th colspan="10">हिमाचल प्रदेश स्थित परियोजनाओं/कार्यालयों के लिए डिसिप्लिन तथा श्रेणीवार रिक्तियां</th></tr>
<tr><th rowspan="2">डिसिप्लिन</th><th rowspan="2">पदनाम</th><th rowspan="2">पदों की संभावित संख्या</th><th colspan="7">आरक्षण (बैकलॉक सहित)</th></tr>
<tr><th>अनु. जा.</th><th>अनु.ज. जा.</th><th>अ.पि.वर्ग (एनसीएल)</th><th>ईडब्ल्यूएस</th><th>अनारक्षित</th><th>ईएसएम</th><th>पीडब्ल्यूडी</th></tr>
<tr><td>सिविल</td><td>कनि.फील्ड अभियंता</td><td>26</td><td>6</td><td>1</td><td>5</td><td>2</td><td>12</td><td rowspan="6">14 (जिसमें 04 पद दिव्यांग भूतपूर्व सैनिक तथा युद्ध में मारे गए सैनिकों के आश्रितों के लिए आरक्षित हैं)</td><td rowspan="6">01 वीएच, 01 ओएच, 01 एचएच तथा 01 बहुल दिव्यांगता</td></tr>
<tr><td>इलेक्ट्रिकल</td><td>कनि.फील्ड अभियंता</td><td>22</td><td>5</td><td>-</td><td>4</td><td>2</td><td>11</td></tr>
<tr><td>मैकेनिकल</td><td>कनि.फील्ड अभियंता</td><td>18</td><td>4</td><td>-</td><td>3</td><td>1</td><td>10</td></tr>
<tr><td>मानव संसाधन</td><td>कनि.फील्ड अधिकारी</td><td>13</td><td>3</td><td>-</td><td>2</td><td>1</td><td>7</td></tr>
<tr><td>वित्त एवं लेखा</td><td>कनि.फील्ड अधिकारी</td><td>13</td><td>3</td><td>-</td><td>2</td><td>1</td><td>7</td></tr>
<tr><td>राजभाषा</td><td>कनि.फील्ड अधिकारी</td><td>04</td><td>1</td><td>-</td><td>-</td><td>-</td><td>3</td></tr>
<tr><td colspan="2">योग</td><td>96</td><td>22</td><td>1</td><td>16</td><td>7</td><td>50</td><td></td><td></td></tr>
<tr><th colspan="10">उत्तराखंड स्थित परियोजनाओं/कार्यालयों के लिए डिसिप्लिन तथा श्रेणीवार रिक्तियां</th></tr>
<tr><th rowspan="2">डिसिप्लिन</th><th rowspan="2">पदनाम</th><th rowspan="2">पदों की संभावित संख्या</th><th colspan="7">आरक्षण (बैकलॉक सहित)</th></tr>
<tr><th>अनु. जा.</th><th>अनु.ज. जा.</th><th>अ.पि.वर्ग (एनसीएल)</th><th>ईडब्ल्यूएस</th><th>अनारक्षित</th><th>ईएसएम</th><th>पीडब्ल्यूडी</th></tr>
<tr><td>सिविल</td><td>कनि.फील्ड अभियंता</td><td>4</td><td>-</td><td>-</td><td>-</td><td>-</td><td>4</td><td rowspan="5">02</td><td rowspan="5">01 एचएच</td></tr>
<tr><td>इलेक्ट्रिकल</td><td>कनि.फील्ड अभियंता</td><td>3</td><td>-</td><td>-</td><td>-</td><td>-</td><td>3</td></tr>
<tr><td>मैकेनिकल</td><td>कनि.फील्ड अभियंता</td><td>2</td><td>-</td><td>-</td><td>-</td><td>-</td><td>2</td></tr>
<tr><td>मानव संसाधन</td><td>कनि.फील्ड अधिकारी</td><td>2</td><td>-</td><td>-</td><td>-</td><td>-</td><td>2</td></tr>
<tr><td>वित्त एवं लेखा</td><td>कनि.फील्ड अधिकारी</td><td>2</td><td>-</td><td>-</td><td>-</td><td>-</td><td>2</td></tr>
<tr><td colspan="2">योग</td><td>13</td><td>-</td><td>-</td><td>-</td><td>-</td><td>13</td><td></td><td></td></tr>
</table>

पहचान की गई अक्षमताएं

डिसिप्लिन	पदनाम	पहचान की गई अक्षमताएं	लेजन्ड
सिविल	कनि.फील्ड अभियंता	ओए, ओएल	ओए-एक बांह (वन आर्म) ओएल-एक पैर(वन लेग) बीएल-दोनों पैर ओएएल -एक हाथ और पैर बी-नेत्रहीन(ब्लाइंड) एचएच- श्रवण बाधित एल.वी.-कम दृष्टि
इलेक्ट्रिकल	कनि.फील्ड अभियंता	ओएल, एचएच	
मैकेनिकल	कनि.फील्ड अभियंता	ओएल, एचएच	
वित्त एवं लेखा	कनि.फील्ड अधिकारी	ओए, ओएल, बीएल, एचएच	
मानव संसाधन	कनि.फील्ड अधिकारी	ओए, ओएल, बीएल, एचएच	
राजभाषा	कनि.फील्ड अधिकारी	ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, बी, एलवी, एचएच	

परियोजना प्रभावित परिवारों/क्षेत्र के लिए आरक्षण:

कनि. फील्ड इंजीनियर/कनि. फील्ड अधिकारी के पद हेतु निर्दिष्ट परियोजनाओं के परियोजना प्रभावित परिवारों/क्षेत्रों हेतु 25% का समान आरक्षण होगा तथा परियोजना प्रभावित परिवारों/क्षेत्र हेतु आरक्षित विधा के पद परियोजना प्रभावित परिवारों/क्षेत्र अभ्यर्थी द्वारा सीबीटी में प्राप्त अंकों की समग्र योग्यता पर निर्भर करेगा। आरक्षण निम्नवत रूप से होगा:

हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड स्थित परियोजनाओं के लिए

	हिमाचल प्रदेश स्थित परियोजनाएं/ कार्यालय				उत्तराखंड स्थित परियोजनाएं/ कार्यालय
डिसिप्लिन	एलएचईपी 1	डीएसएचईपी	एनजेएचपीएस	आरएचपीएस	एनएमएचईपी
पीएएफ/पीएए के लिए	5	5	9	4	3

पीएएफ/पीएए के अंतर्गत आरक्षण हेतु वरीयता क्रम निम्नवत होगा:

i) परियोजना प्रभावित परिवार या उनका वार्ड।

ii) परियोजना प्रभावित क्षेत्रों के निवासी। परियोजना प्रभावित क्षेत्र के मध्य वरीयता निम्नवत होगी:

क) एक गांव

ख) पंचायत

ग) ब्लॉक (तहसील के भीतर)

घ) तहसील

अनु.जा./अनु.ज.जा./शारीरिक रूप से अक्षमों के लिए छूट एवं रियायतें:

i. अनु.जा./अनु.ज.जा. के लिए यथा लागू ऊपरी आयु में 5 वर्षों की छूट ।

ii. शारीरिक रूप से अक्षमों के लिए, ऊपरी आयु में सामान्य श्रेणी के लिए 10 वर्षों, अ.पि.वर्ग के लिए 13 वर्षों तथा अनु.जा./अनु.ज.जा. श्रेणी के लिए 15 वर्षों की छूट है ।

iii. अनु.जा./अनु.ज.जा./शारीरिक रूप से अक्षमों के लिए कोई आवेदन शुल्क देय नहीं है । ऐसे अभ्यर्थियों को भारत सरकार के निर्धारित प्रपत्र में, सक्षम प्राधिकारी से आवश्यक प्रमाण-पत्र को साक्षात्कार, यदि बुलाया जाता है, के समय प्रस्तुत करना होगा ।

iv. सभी अनु.जा./अनु.ज.जा तथा शारीरिक रूप से अक्षम अभ्यर्थी निर्धारित अर्हता में 50% के कुल अंकों के साथ फील्ड अधिकारी तथा कनिष्ठ फील्ड अभियंता/अधिकारी के पदों हेतु आवेदन करने के लिए पात्र हैं ।

अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए छूट (गैर क्रिमी लेयर)

केवल **"गैर क्रीमी लेयर"** से संबंधित अभ्यर्थियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 3 वर्षों की छूट है । ऐसे अभ्यर्थियों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा चालू वित्तीय वर्ष अथवा छह माह के भीतर जारी किए गए अपेक्षित प्रमाण-पत्र को साक्षात्कार, यदि बुलाया जाए,के समय प्रस्तुत करना होगा ।

अन्य पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थी के रूप में जो "क्रीमी लेयर" से संबंधित हैं, अन्य पि. वर्ग छूट के लिए पात्र नहीं है तथा अभ्यर्थियों को अपनी श्रेणी 'सामान्य " सूचित करनी है ।

जम्मू एवं कश्मीर अभ्यर्थियों को छूट:
जम्मू एवं कश्मीर राज्य से दिनांक 01.01.80 से 31.12.89 तक सामान्यतः अधिवासित अभ्यर्थियों को ऊपरी आयु-सीमा में 5 वर्ष की छूट है ।

भूतपूर्व सैनिक:
भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार 14.5% पद भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित हैं जिसमें दिव्यांग भूतपूर्व सैनिकों तथा युद्ध में मारे गए सैनिकों के आश्रितों के लिए 4.5% आरक्षण शामिल है।

चयन प्रक्रिया

फील्ड अधिकारी के लिए: चयन प्रक्रिया में कंप्यूटर आधारित टेस्ट तथा उसके पश्चात ग्रुप डिस्कशन एवं वैयक्तिक साक्षात्कार शामिल हैं।

जूनियर फील्ड इंजीनियर / अधिकारी के लिए: चयन प्रक्रिया में केवल कंप्यूटर आधारित टेस्ट शामिल है। अनंतिम रूप से शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को दस्तावेज़ सत्यापन हेतु बुलाया जाएगा।

अभ्यर्थी एसजेवीएन ऑनलाइन आवेदन प्रणाली और/या पंजीकृत ईमेल आईडी के माध्यम से अभ्यर्थी लॉगिन के माध्यम से अपने आवेदन की स्थिति और अन्य संबंधित जानकारी प्राप्त करने में सक्षम होंगे।

परीक्षा केंद्र: फील्ड अधिकारी पद के लिए अभ्यर्थियों को निम्नलिखित परीक्षा केंद्रों में से चयन करना होगा:
- नई दिल्ली
- चंडीगढ़
- देहरादून
- शिमला

जबकि कनिष्ठ फील्ड इंजीनियर / अधिकारी पद के लिए अभ्यर्थियों को निम्नलिखित परीक्षा केंद्रों में से चयन करना होगा:

- हिमाचल प्रदेश (बद्दी/बिलासपुर/हमीरपुर/कांगड़ा/कुल्लू/मंडी/पालमपुर/शिमला/सोलन)
- चंडीगढ़
- मोहाली
- देहरादून

अभ्यर्थियों को वरीयता-1 और वरीयता -2 परीक्षा केंद्रों के रूप में किन्हीं दो परीक्षा केंद्रों का चयन करना होगा एवं तत्पश्चात किसी भी परिस्थिति में केन्द्र परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा। हालांकि, एसजेवीएन के पास किसी भी परीक्षा केंद्र को सम्मिलित करने/हटाने तथा अभ्यर्थियों को किसी अन्य केंद्र को आबंटित करने का अधिकार है।

कंप्यूटर आधारित परीक्षा: फील्ड अधिकारी पद के लिए परीक्षा दो भागों में होगी, भाग-I में संबंधित विधा के 120 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे तथा भाग- II में कार्यपालक अभिक्षमता पर 30 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे।

कनि. फील्ड इंजीनियर/अधिकारी पद के लिए परीक्षा दो भागों में होगी, भाग-I में संबंधित विधा के 70 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे तथा भाग- II में राजभाषा को छोड़कर सामान्य अभिक्षमता पर 30 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। राजभाषा विधा में भाग-I (क) तथा (ख) में अनुवाद पर 60 प्रश्न होंगे, भाग- I (ग) में हिंदी साहित्य पर 25 प्रश्न होंगे तथा भाग- II में सामान्य अभिक्षमता पर 15 प्रश्न होंगे।

प्लेसमेंट: नियुक्त अभ्यर्थियों को भारत या विदेश में स्थित एसजेवीएन की परियोजना/स्टेशनों तथा कार्यालयों में तैनात किया जा सकता है।

सामान्य शर्तें:

1. केवल 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के भारतीय नागरिक ही एसजेवीएन हेतु आवेदन करने के पात्र हैं। फील्ड अधिकारी के पद अखिल भारतीय आधार पर भरे जाने हैं, जबकि कनिष्ठ फील्ड इंजीनियर/अधिकारी के पदों पर केवल निम्नलिखित राज्यों के अधिवासी ही आवेदन करने के लिए पात्र हैं:
   क्षेत्रीय आधार- उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, लद्दाख, जम्मू एवं कश्मीर तथा चंडीगढ़।

2. अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करे कि वह इस विज्ञापन के साथ-साथ वेबसाइट www.sjvn.nic.in के अनुसार वर्णित पात्रता मानदंड तथा अन्य शर्तों को पूरा करता है । साक्षात्कार /दस्तावेज सत्यापन चरण निर्धारित पात्रता शर्तों को संतोषजनक पूरा करने के अध्यधीन पूर्णतः अस्थायी होगा । अभ्यर्थी को प्रवेश-पत्र/साक्षात्कार बुलावा-पत्र जारी करने मात्र से यह अभिप्राय नहीं है कि उसकी उम्मीदवारी को एसजेवीएन ने स्वीकार कर लिया है । एसजेवीएन वैयक्तिक साक्षात्कार/दस्तावेज सत्यापन के समय मूल दस्तावेजों के संदर्भ में पात्रता शर्तों की पुष्टि करेगा ।

3. अभ्यर्थी की नियुक्ति पूर्ण रूप से अस्थायी है और अनुबंध के आधार पर 3 साल की प्रारंभिक अवधि के लिए है। कार्य की आवश्यकता तथा अभ्यर्थियों के निष्पादन के आधार पर अनुबंध की अवधि को वार्षिक आधार पर अधिकतम 2 वर्षों तक बढ़ाया जा सकता है। 36 माह की समाप्ति पर या विस्तारित अवधि के पूरा होने पर संविदात्मक नियुक्ति स्वतः समाप्त हो जाएगी। सभी उल्लिखित पदों हेतु अभ्यर्थियों के पास निर्धारित शैक्षणिक अर्हता होनी चाहिए जो कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय/संस्थान से हों।
4. संविदात्मक नियुक्ति समय समय पर लागू होने वाले कंपनी के नियम तथा प्रशासनिक आदेशों द्वारा विनियमित होगी।
5. नियुक्त अभ्यर्थी एसजेवीएन में किसी भी नियमित रोजगार हेतु दावा करने या एसजेवीएन में नियमित पदों के लिए किसी भी भर्ती के मामले में या किसी भी रियायत का दावा करने का हकदार नहीं होगा।
6. यदि किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी पात्रता मानदण्डों को पूरा नहीं करता है तो उसका/उसकी उम्मीदवारी को बिना किसी कारण बताए रद्द किया जा सकता है । इसी प्रकार पदभार ग्रहण करने के पश्चात भी यदि यह पाया जाता है कि उसने गलत सूचना अथवा किसी सूचना को छिपाया है, उसकी सेवाओं को तुरंत ही समाप्त कर दिया जाएगा।
7. केन्द्रीय/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यरत व्यक्तियों को साक्षात्कार/दस्तावेज सत्यापन के समय अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) प्रस्तुत करना होगा । प्रमाण-पत्र प्रस्तुत न कर पाने की स्थिति में उन्हें साक्षात्कार/दस्तावेज सत्यापन पर विचार करने हेतु भाग लेने की अनुमति नहीं होगी ।
8. साक्षात्कार/दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाए गए अभ्यर्थियों को निगम कार्यपालक श्रेणी के पदों के लिए नियमानुसार लघुतम रास्ते का द्वितीय श्रेणी का वातानुकूलित स्लीपर रेल किराया तथा अन्य पदों के लिए साधारण रेल/बस किराया, सिर्फ अपने मूल टिकट पेश करने पर कंपनी नियमानुसार दिया जाएगा ।
9. बिना कोई कारण बताए पदों को बढ़ाने/घटाने या किसी भी पद को न भरने या न्यूनतम पात्रता मानदंडों को बढ़ाने /किसी भी अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द करने/या भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार प्रबंधन के पास सुरक्षित है । उपरोक्त योग्यताएं एवं अनुभव होने मात्र से ही कोई अभ्यर्थी साक्षात्कार/चयन प्रक्रिया के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं हो जाएगा। उक्त सभी पदों के लिए अभ्यर्थियों के पास भारत के मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से निर्धारित शैक्षिक योग्यता होनी चाहिए तथा जिन अभ्यर्थियों के अंतिम परिणाम घोषित किए गए हैं, उन्हें ही पात्र माना जाएगा। परिणाम प्रतीक्षित अभ्यर्थियों को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।
10. इस विज्ञापन के नतीजन किसी दावे के मामले या विवाद संबंधी कोई कानूनी कार्यवाही तथा/या इसके संबंध में किसी अर्जी पर कार्यवाही केवल शिमला में अमल में लाई जा सकेगी तथा ऐसे प्रकरण/विवाद केवल अकेले एवं विशेषतः शिमला के न्यायालयों/अधिकरणों/फोरमों के क्षेत्राधिकार में आएंगे ।
11. कनि.फील्ड इंजीनियर/अधिकारी की नियुक्ति के संबंध में सामान्य/ईडब्ल्यूएस तथा अन्य पि.वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को यथा लागू 300 रुपए+ जीएसटी @18% तथा फील्ड अधिकारियों की नियुक्ति के संबंध में 600+ जीएसटी @18% का गैर-वापसी योग्य आवेदन शुल्क का भुगतान आवश्यक है ।
12. अनु.जा/अनु.ज.जा./पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट प्रदान की गई है ।
13. आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाईन मोड़ अर्थात डेबिट कार्ड/क्रेडिट-कार्ड/नेट बैंकिंग आदि के माध्यम से किया जाएगा। आवेदन शुल्क के भुगतान का कोई अन्य तरीका नहीं होगा । अभ्यर्थी द्वारा किसी गलत खाते में या किसी अन्य मोड के माध्यम से फीस जमा करने के मामले में, आवेदन शुल्क प्राप्त न होने के लिए एसजेवीएन जिम्मेवार नहीं होगा । एक बार फीस का भुगतान किए जाने पर किन्हीं भी परिस्थितियों में उसे वापिस नहीं किया जाएगा । इसलिए अभ्यर्थियों को आवेदन करने से पूर्व उनकी पात्रता की शर्तों को सत्यापित करने की सलाह दी जाती है ।
14. उपरोक्त विज्ञापन के संबंध में कोई संशोधनों/आशोधनों/शुद्धिपत्र केवल एसजेवीएन की वेबसाईट पर उपलब्ध होंगे । कोई और प्रेस विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया जाएगा । इसलिए संभावित आवेदकों को इस उद्देश्य के लिए नियमित रूप से एसजेवीएन की वेबसाईट देखने की सलाह दी जाती है ।
15. कंपनी ग्रुप चर्चा/वैयक्तिक साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों को शॉटलिस्ट करने, या परिस्थितियों के आधार पर किसी भी विज्ञापित शर्त में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखती है ।

आवेदन कैसे करें: पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थी एसजेवीएन की वेबसाइट www.sjvn.nic.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। कोई अन्य माध्यम/आवेदन का तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा। वेबसाइट पर अपने आवेदन पंजीकृत करने से पहले, अभ्यर्थियों को निम्नलिखित प्रक्रिया अपनानी होगी:

1. अभ्यर्थी के पास वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी होनी चाहिए तथा यह सुनिश्चित करें कि यह पूरी भर्ती प्रक्रिया के दौरान एक्टिव हो । आवेदन अनुक्रम सं., यूज़र आईडी, पासवर्ड तथा सभी अन्य महत्वपूर्ण संचार इसी पंजीकृत ई-मेल आईडी पर भेजा जाएगा (कृपया सुनिश्चित करें कि इस मेल बॉक्स में भेजी गई ई-मेल को आपके जंक/स्पैम फोल्डर के लिए रीडायरेक्ट नहीं किया गया है) ।
2. व्यक्तिगत विवरण तथा शैक्षिक अर्हता विवरण
3. आवेदन पत्र के साथ अपलोड करने के लिए अभ्यर्थियों के पास नवीनतम पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ की स्कैन कॉपी, साथ ही डिजिटल प्रारूप में हस्ताक्षर (.जेपीजी या .जेपीईजी फ़ाइल केवल, 500 केबी आकार से कम) होने चाहिए।
4. डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग विवरण जिसके माध्यम से लागू आवेदन शुल्क (अनु.जा./अनु.ज.जा./ पीडब्ल्यूडी को छूट प्राप्त) का भुगतान ऑनलाइन भर्ती पोर्टल पर किया जाना है। एक बार अदा किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा।
5. अभ्यर्थी को लॉगिन भाग में लॉग-इन करना होगा तथा तत्पश्चात फील्ड अधिकारी के पद हेतु गैर-वापसी योग्य 600/-रुपए + जीएसटी@18% आवेदन शुल्क तथा कनि.फील्ड अधिकारी पद हेतु 300/-रुपए + जीएसटी@18% का गैर-वापसी के रूप में केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से जमा करना होगा। आवेदन शुल्क जमा करने पर आवेदन प्रक्रिया को पूर्ण माना जाएगा। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांगता को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है।
6. अभ्यर्थियों को स्पष्ट रूप से नोट करना चाहिए कि एसजेवीएन किसी भी मामले में आवेदन के अपूर्ण होने, शुल्क की प्राप्ति न होने, आवेदन जमा न करने या किसी भी कारण से उसकी प्राप्ति में देरी के कारण आवेदन को अस्वीकार करने के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

महत्वपूर्ण

अभ्यर्थियों को भर्ती हेतु आवेदन करते समय धोखेबाज लोगों/एजेंसियों/वेबसाइटों अथवा शुल्क अथवा फीस के भुगतान सहित किसी भी प्रकार की ऑनलाइन प्रतिभागिता से बचने की सलाह दी जाती है । परीक्षा शेड्यूल/प्रवेश-पत्र/साक्षात्कार हेतु बुलावा-पत्र आदि संबंधी समस्त सूचनाएं ई-मेल/एसजेवीएन की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। अभ्यर्थियों के साथ सभी पत्राचार केवल ई-मेल के माध्यम से किया जाएगा।
प्रवेश-पत्र/साक्षात्कार बुलावा पत्र/कोई अन्य जानकारी को प्राप्त करने, डाऊनलोड करने तथा प्रिंट करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। एसजेवीएन अभ्यर्थी द्वारा दी गई अवैध/गलत ई-मेल आईडी के कारण भेजी गई ई-मेल की किसी क्षति के कारण सूचना मिलने में देरी होने या न मिलने के लिए जिम्मेदार नहीं होगा (कृपया सुनिश्चित करें कि आपके मेल बॉक्स को भेजी गई ई-मेल को आपके जंक/स्पैम फोल्डर में रीडायरेक्ट नहीं किया गया है) ।
अभ्यर्थियों को इस विज्ञापन तथा अन्य आगे भर्ती प्रक्रिया से संबंधित समस्त सूचना के लिए एसजेवीएन वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहने की सलाह दी जाती है ।

महत्वपूर्ण तिथियां	
आवेदनों को प्रस्तुत करने के लिए ऑनलाईन पंजीकरण के आरंभ की तिथि	**04/08/2021 (10:00 बजे सुबह)**
वेबसाइट के माध्यम से आवेदनों को प्रस्तुत करने के लिए अंतिम तिथि	**24/08/2021 (11:59 बजे रात्रि)**